समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# भारत की पाकिस्तान पर डिजिटल स्ट्राइक ! जम्मू सहित कई जगहों पर अटैक के बीच 8000 X अकाउंट्स किए गए बैन ।

Publisher

Published on 10 May 2025



## जम्मू सहित कई इलाकों मे पांकिस्तान के हमले के बीच भारत ने डिजिटल मोर्चे पर भी बड़ा कदम उठाया है.

जम्मू सहित कई इलाकों में पाकिस्तान के हमले के बीच भारत ने डिजिटल मोर्चे पर भी बड़ा कदम उठाया है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X (पहले Twitter) ने भारत सरकार के निर्देश पर देश में 8,000 से अधिक अकाउंट्स को ब्लॉक करना शुरू कर दिया है. यह जानकारी खुद कंपनी की ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स टीम ने दी.

कंपनी के मुताबिक, इन आदेशों में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि अगर X इन अकाउंट्स को ब्लॉक नहीं करता तो कंपनी पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है और भारत में मौजूद उसके कर्मचारियों को जेल तक जाना पड़ सकता है. ब्लॉक किए गए अकाउंट्स में अंतरराष्ट्रीय मीडिया हाउस और कुछ मशहूर हस्तियों के प्रोफाइल भी शामिल हैं. X ने कहा कि अधिकतर मामलों में सरकार ने यह नहीं बताया कि इन अकाउंट्स ने किस कानून का उल्लंघन किया है. कई बार तो न तो कोई कारण बताया गया और न ही कोई सबूत साझा किया गया.

X का कहना है कि वह इन अकाउंट्स को सिर्फ भारत में ब्लॉक कर रहा है ताकि प्लेटफॉर्म की सेवाएं देश में जारी रह सकें. कंपनी ने कहा, “हम सरकार के आदेशों से सहमत नहीं हैं, लेकिन हमें यह कठिन फैसला इसलिए लेना पड़ा ताकि भारत में लोग सूचनाओं से जुड़े रहें.”

सरकार के फैसले से संतुष्ट नहीं Elon Musk

एलन मस्क के स्वामित्व वाली इस कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सरकार के आदेशों को लेकर पारदर्शिता बरतना चाहती है लेकिन मौजूदा कानूनी नियम इसकी अनुमति नहीं देते. “इस जानकारी को साझा न करना सरकार की जवाबदेही तय करने में बाधा बन सकता है और मनमाने निर्णयों को बढ़ावा दे सकता है,” X ने कहा.

गौरतलब है कि यह कार्रवाई ऐसे समय पर हुई है जब भारत-पाक सीमा पर तनाव चरम पर है. गुरुवार रात जम्मू एयरपोर्ट पर पाकिस्तान की ओर से हमले की कोशिश के बाद देश के कई हिस्सों में ब्लैकआउट लागू किया गया. गुजरात के कच्छ जिले के भुज में पूरी रात अंधेरा छाया रहा, वहीं पंजाब के जालंधर, गुरदासपुर, पठानकोट और अमृतसर में भी सुरक्षा कारणों से बिजली काटी गई.

जम्मू-कश्मीर के भी कई इलाकों जैसे उधमपुर, उड़ी, पुंछ, राजौरी, किश्तवाड़, अखनूर और सांबा में सायरन बजने के साथ ही आपात तैयारियों के संकेत मिले. इन सभी घटनाओं के बीच X अकाउंट्स पर की गई कार्रवाई ने सोशल मीडिया सेंसरशिप को लेकर नई बहस छेड़ दी है.

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.